तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 10 नवंबर 2025


13 श्रद्धालुओं ने लिया श्रीराम के आदर्शों को अपनाने ...



14 शराब के खिलाफ हसुवा में महिला कमांडो ...





# वन प्रबंधन की कार्यशाला में जिले की समितियों को आदर्श बनाने की पहल

## वैद्यों एवं संयुक्त वन प्रबंधन समितियों की हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील की उपस्थिति में वन परिक्षेत्र देवपुर अंतर्गत नेचर कैम्प देवपुर में वैद्यों एवं संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में वन मंडल के सभी परिक्षेत्रों से आए वैद्य एवं संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि बलौदाबाजार वनमण्डल की वन समितियां राज्य में आदर्श बनें। हर समिति अपने कार्यों में आत्मनिर्भर बने और पर्यावरण संरक्षण, आजीविका सृजन एवं सामुदायिक सशक्तिकरण में उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि वन विभाग सदैव स्थानीय समुदायों, वैद्यों एवं समितियों के साथ मिलकर कार्य करेगा और आवश्यकता पड़ने पर प्रशिक्षण एवं एक्सपोजर विजिट जैसी गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। इसके बाद संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में समितियों के कार्य-योजनाओं, क्रियान्वयन की स्थिति, वित्तीय प्रबंधन एवं आगामी गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस सत्र के दौरान सभी वन प्रबंधन समितियों को वर्ष 2026-27 के स्वीकृत कार्यों एवं निधियों की जानकारी दी गई। इसके बाद समितियों से उनके चल रहे एवं प्रस्तावित कार्यों के बारे में अभिमत लिया गया तथा उनकी समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। कार्यशाला में उपवनमंडलाधिकारी निश्चल चंद्र शुक्ला, उपवनमंडलाधिकारी कसडोल अनिल वर्मा, सभी वन परिक्षेत्र अधिकारी, प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारी तथा वनकर्मी उपस्थित थे।



### औषधीय पौधों की पहचान, संरक्षण एवं वन समितियों की भूमिका पर हुई विस्तृत चर्चा

कार्यशाला की शुरुआत में वन विभाग के अधिकारियों एवं वैद्यों को टीमों में विभाजित कर आसपास के वन क्षेत्रों में फील्ड भ्रमण कराया गया। सभी टीमों ने अपने-अपने क्षेत्र से औषधीय पौधों का संकलन किया और वापसी पर उन पौधों के औषधीय उपयोग, पहचान, संरचना एवं पारंपरिक उपचार में उनकी भूमिका पर चर्चा की गई। इस अवसर पर वैद्यों ने चितावर, हिंगलाज, वन तुलसी, भूईनीम, अर्जुनफल, दूधिया, भूईंआवला जैसी अनेक महत्वपूर्ण औषधीय वनस्पतियों के बारे में बताया और यह साझा किया कि ये पौधे विभिन्न रोगों के पारंपरिक उपचार में किस प्रकार उपयोगी हैं। इसके पश्चात वैद्यों के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं पर चर्चा की। वैद्यों ने औषधीय पौधों के डॉक्यूमेंटेशन, पुस्तिका निर्माण, औषधि सम्मेलन एवं औषधीय शिविरों के आयोजन की मांग रखी। इस पर वनमण्डलाधिकारी ने सभी सुझावों पर सहमति जताते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और आश्वासन दिया कि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### गातापार में यादव नृत्य महोत्सव 12 को

**पलारी।** ग्राम गातापार के रणबौर देवी धाम भूमि में 12 नवंबर को यादव नृत्य राऊत नाचा का आयोजन छग झेरिया यादव समाज द्वारा किया जाएग। इसमें प्रथम पुरस्कार 10001 रुपए अंकिता संदीप वर्मा सरपंच गातापार, द्वितीय 7001 रुपए श्याम ध्रुव शिक्षक राजनारायण सेन, तीसरा पुरस्कार 5001 रुपए जेठुराम टंडन पंच प्रतिनिधि, चौथा 3001 रुपए आयोजक समिति द्वारा प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संदीप साहू विधायक कसडोल, अध्यक्षता सुकालु राम यादव प्रदेश संरक्षक छग झेरिया यादव समाज, अति विशिष्ट अतिथि सविता भीम यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी, शैलेन्द्र बंजारे जिला पंचायत सदस्य ब.बा, विशिष्ट अतिथि मेघनाथ यादव प्रदेश संगठन मंत्री झेरिया यादव समाज, संजय यादव प्रदेश संगठन मंत्री, फत्तुलाल यादव प्रदेश संगठन मंत्री, शिव यादव प्रदेश संगठन मंत्री, सुरेंद्र यादव जिलाध्यक्ष यादव समाज, संतोष यादव जिला सचिव यादव समाज व परिक्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे ।

### घोड़ारी चौक में एक व्यक्ति से मारपीट



**महासमुंद।** ग्राम घोड़ारी के चौक में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को पुनीतराम निवासी वार्ड नंबर 07 घोड़ारी ने बताया कि 6 नवंबर को दोपहर करीब 02 बजे घोडारी चौक में बैठा था। इसी दौरान गांव का खेमराज जांगड़े आया और पुरानी रंजिशवश गाली देने लगा। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। मारपीट करने से उसके कमर, सीना, पेट में चोट आई है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मजदूरों का पलायन मामले में 1 गिरफ्तार

**महासमुंद।** मजदूरों को बिना अनुज्ञप्ति व पलायन पंजी में दो मजदूर दलाल के खिलाफ पुलिस में दर्ज किए बगैर बाहर भेजने के मामले बीएनएस की धारा 143, 3(5) के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर दलालों की तलाश की जा रही थी। जिसमें से एक मजदूर दलाल पुलिस गिरफ्त में है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपियों में से एक रामदास दीवान को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं गंगाराम प्रजापति की खोजबीन की जा रही है। बता दें कि पिथौरा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 53 से होकर चलने वाली बसों में रोजाना मजदूरों को रायपुर भेजा जाता है, जहाँ से उन्हें ट्रेन व अन्य साधनों के जरिए राजस्थान, उत्तरप्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र जैसे राज्यों के ईंट भट्ठों में पहुंचाया जाता है।

## प्राकृतिक विविधता के अध्ययन में देशभर से आए प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

# बारनवापारा अभ्यारण्य में विभिन्न प्रजातियों की तितलियों के हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बारनवापारा अभ्यारण्य में तीन दिवसीय बटर फ्लाई एंड मॉथ सर्वे 2025 का आयोजन 6 से 8 नवम्बर तक किया गया। सर्वेक्षण में देश के विभिन्न राज्यों से आए कुल 42 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को विभिन्न टीमों में विभाजित कर अभयारण्य के विभिन्न हिस्सों जैसे घने वनों, घास के मैदानों, जलस्त्रोतों के आसपास और ग्रामीण सीमाओं में - तितलियों और मॉथ की विविधता का अध्ययन कराया।

सर्वे में विशेषज्ञों के रूप में प्रसिद्ध बटरफ्लाई एक्सपर्ट गौरव निहलानी, डॉ. अजय मिश्रा, डॉ. रवीकांत दास, लाल बहादुर, सुनील बाजपेयी, आकांक्षा चन्द्राकर ने अपनी विशेषज्ञता साझा की। अधीक्षक बारनवापारा अभयारण्य कृषानू चन्द्राकार, वन परिक्षेत्र अधिकारी गोपाल प्रसाद वर्मा, जीवन लाल साहू की अहम भूमिका रही।

बारनवापारा अभयारण्य में बटर फ्लाई एंड मॉथ सर्वे 2025 सम्पन्न



### तितलियों की प्रजातियों के बारे में दी जानकारी

वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार गणवीर धम्मशील ने सभी प्रतिभागियों, विशेषज्ञों, वालंटियर्स एवं समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कि यह आयोजन न केवल जैव विविधता संरक्षण की दिशा में एक सार्थक पहल है, बल्कि यह सभी को प्रकृति से जुड़ने, समझने और उसे संरक्षित करने की प्रेरणा भी देता है। यह सर्वे बारनवापारा में स्थित तितलियों को प्रजातियों के बारे में जानकारी प्रदान करने के साथ साथ वन्यजीव संरक्षण और प्रबंधन में सहायता प्रदान करेगा।

### तितलियों के व्यवहार और आवासों का किया अध्ययन

सर्वे की शुरुआत 6 नवम्बर की दोपहर परिचय सत्र से हुई, जहां प्रतिभागियों को बारनवापारा अभयारण्य की जैव विविधता, संरक्षण कार्यों एवं इतिहास की जानकारी दी गई। इसके बाद सभी को बार पर्यटन ग्राम का भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने बार म्यूजियम, हेरिटेज स्टे होम्स और रेस्ट हाउस का अवलोकन किया। शाम को एक विशेष छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसने प्रतिभागियों को स्थानीय परंपराओं, लोककला और संस्कृति से जोड़ने का अवसर प्रदान किया। 7 नवम्बर की सुबह और शाम को सभी प्रतिभागियों को अलग-अलग बटरफ्लाई सर्वे ट्रेल्स पर ले जाया गया, जहां उन्होंने विभिन्न तितली प्रजातियों की पहचान, उनके व्यवहार और आवासों का अध्ययन किया। इसी के साथ रात्रि को मॉथ सर्वे आयोजित किया गया जो वैज्ञानिक पद्धति के माध्यम से सम्पन्न हुआ। अगली सुबह प्रतिभागियों को पुनः सर्वे ट्रेल पर ले जाया गया, जहां उन्होंने तितलियों की विविधता का अवलोकन किया और अपने डेटा को अंतिम रूप दिया। इसके पश्चात समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों, विशेषज्ञों एवं वालंटियर्स को प्रमाण पत्र और पौधे स्मृति स्वरूप भेंट किए गए।

## भाई पर चाकू से प्राणघातक हमला, भाई को भेजा गया जेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नशा नहीं करने एवं अपने परिवार का भरण पोषण करने संबंधी समझाइस देने पर आक्रोश में आकर आरोपी ने अपने भाई पर प्राण घातक हमला किया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

पुलिस को प्रार्थी राजेंद्र यादव निवासी ग्राम रानी सागर वार्ड ने बताया कि 7 नवम्बर की रात 8 बजे वह घर पर था तथा उसका भाई भूपेंद्र यादव भी घर में खाना खा रहा था, जिसे प्रार्थी द्वारा शराब एवं नशापान नहीं करने तथा अपने परिवार का सही तरीके से पालन पोषण करने की बात करते हुए समझाइस दे रहा था, जहां आवेश में आकर भाई भूपेंद्र ने जान से मारने की धमकी देते हुए अश्लील गाली गलौज कर प्रार्थी पर बटनदार चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर चोट पहुंचाया। पीड़ित की रिपोर्ट पर थाना पलारी ने धारा 296,109 बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी भूपेन्द्र यादव को हिरासत में लिया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी भूपेंद्र यादव 22 साल निवासी वार्ड 8 रानी सागर वार्ड ने भाई द्वारा शराब पीने के लिए मनाही करने एवं अन्य बातों की समझाइस देने पर आवेश में आकर प्राणघातक हमला करना स्वीकार किया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया।

## जिले में पीएमजीएसवाय की 8 सड़कों का नवीनीकरण पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछने सुविधाजनक आवागमन के साथ विकास को गति मिल रही हैं। जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 5 करोड़ 66 लाख की लागत से 8 सड़कों का नवीनीकरण कार्य पूर्ण किया गया हैं। यह कार्य उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के निर्देशानुसार पूरा किया गया है।

लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता से प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार से पुरेनाखपरी लम्बाई 5.90 किलोमीटर लागत 161.95 लाख, 3 टी 10 से ढनढनी लम्बाई 5.16 किलोमीटर लागत 143.47लाख, पड़कीडीह से टेकरी लम्बाई



7.85 किलोमीटर लागत 71.56 लाख, सेमरिया से एमडीआर 0.78 किलोमीटर लागत राशि 5.79 लाख, सूरजपुरा से एमडीआर लम्बाई 0.52 किलोमीटर लागत राशि 3.90 लाख, एल 29 बोरसी से पाटन लम्बाई 1.43 किलोमीटर लागत राशि 0.27 लाख, सुमा से तरेंगा लम्बाई 2.70 किलोमीटर लागत राशि 20.24 लाख एवं

## बाइक में मोडिफाई साइलेंसर पुलिस ने लगाया 5 हजार का जुर्माना

**बलौदाबाजार।** जिला यातायात पुलिस मोडिफाइ साइलेंसर का उपयोग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। शनिवार को नगर में मोडिफाइ साइलेंसर का उपयोग करने वाले एक वाहन चालक पर कार्रवाई कर 5000 समन शुल्क वसूल किया गया। जिला पुलिस द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती बरती जा रही है। साथ ही मॉडिफाई साइलेंसर एवं तीव्र, कर्कश ध्वनि वाले प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में जिला यातायात पुलिस द्वारा 8 नवम्बर को मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग कर बुलेट मोटरसाइकिल चलाने वाले वाहन चालक विनय राउत राय 25 साल निवासी भाठागांव को पकड़ा गया। पुलिस द्वारा उक्त वाहन के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई करते हुए वाहन चालक से 5000 का समन शुल्क वसूल किया गया। कार्रवाई में बुलेट मोटरसाइकिल का मोडिफाइड साइलेंसर भी वाहन से निकाला गया।



## 48 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 1 शराब कोचिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 148 लीटर महुआ शराब जब्त की, जिसकी कीमत 2.96 हजार आंकी गई है।

आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने जिले में समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है।



शनिवार को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम ग्राम धनगांव पहुंची और घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए पुनित राम बंजारे 65 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पॉलिथीन के छोटे-छोटे कुल 296 नग पाउच में 2,96,00 कीमत की 148 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

## राजस्व मंत्री ने नपा में 2 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

# 1.97 करोड़ में होगा रामसागर तालाब का सौन्दर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने नगर पालिका में 2 करोड़ 24 लाख 66 हजार के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसमें वार्ड 12 में स्थित रामसागर तालाब का 1 करोड़ 97 लाख 96 हजार रुपये से सौन्दर्यीकरण कार्य शामिल है।

कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि रामसागर तालाबा नगर का प्रतिष्ठित स्थल हैं। इसके अस्तित्व को बचाकर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि लगभग दो करोड़ से इस तालाब को स्वच्छ और सुंदर बनाने भूमिपूजन किया गया हैं। प्रशासन और नगर पालिका साफ-सफाई करा देगा, लेकिन उसे बरकरार रखना नगरवासियों की जवाबदेही होनी चाहिए। तालाब में कचरा न डालने का सभी संकल्प लें। इसी तरह घर, दुकान से निकलने वाले कचड़े को सड़क में न फेंके, डस्टबीन में ही डालें। सब मिलकर शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाएं। आने वाले समय में नगर पालिका सहित पूरे जिले में विकास की गंगा बहेगी।



इस अवसर पर उन्होंने हिन्दू शमशान घाट में शेड निर्माण के लिये 10 लाख एवं दुर्गा मंदिर परिसर में शेड निर्माण के लिए 5 लाख देने की घोषणा।

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि रामसागर तालाब शहर का सबसे पुराना तालाब है, जिसकी स्थिति दयनीय है। इस तालाब का सौन्दर्यीकरण कार्य जल्द शुरू होगा। इसके साथ ही सब्जी बाजार सहित विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। नालंदा परिसर का निर्माण प्रारम्भ हो गया है। इस अवसर पर भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र म्हाले, वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश अग्रवाल, वार्ड पार्षद गौतम सिंह चौहान सहित अन्य पार्षद एवं नगरवासी उपस्थित थे।

### वार्ड 13 में कक्ष निर्माण की लागत राशि 5 लाख

भूमिपूजन कार्यों में अधोसंरचना मद वर्ष 2025-26 अंतर्गत वार्ड 12 में तालाब सौन्दर्यीकरण, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना विधायक निधि वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत शितला मंदिर के पास वार्ड 13 में कक्ष निर्माण लागत राशि 5 लाख, अहाता किचन शेड और शौचालय निर्माण सार्वजनिक सामुदायिक भवन साहू पारा वार्ड 2 लागत राशि 4.33 लाख, नाली निर्माण साहू छात्रावास से मेन रोड तक वार्ड 21 में 2.49 लाख, शेड निर्माण सार्वजनिक सामुदायिक भवन साहू पारा के पास वार्ड 21 लागत राशि 6.45 लाख, 13वें वित्त मद वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत वार्ड 18 में कन्या शाला तक बीटी रोड निर्माण कार्य लागत राशि 8.43 लाख शामिल हैं।

## सरदार पटेल की जयंती पर यूनिटी मार्च का आयोजन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री स्व. सरदार वल्लब भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाने, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाने और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से खेल एवं युवा कल्याण विभाग 11 नवम्बर को यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल की उपस्थिति में ग्राम संकरी से अपरान्ह 3 बजे यूनिटी मार्च प्रारम्भ होगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने यूनिटी मार्च के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है।



- सकरी से बलौदाबाजार तक होगी पद यात्रा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे शामिल

सरदार पटेल यूनिटी मार्च पदयात्रा डीएव्ही पब्लिक स्कूल संकरी से प्रारम्भ होगी। पदयात्रा ग्राम लिमाही, गोंडखपरी, दशरमा होते हुए अटल परिसर बलौदाबाजार में सम्पन्न होगी। पदयात्रा में जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार, भूतपूर्व सैनिक, लोकतंत्र सेनानी, सेवानिवृत्त अधिकारी, समाज प्रमुख, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं अन्य जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिकगण, पत्रकारगण, व्यवसायिक संगठन एवं उद्योग के प्रतिनिधि सहित एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एवं गाइड, स्कूली छात्र -छात्राएं शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप

### प्रतिबंधित नशीली दवा बेचते धरा गया युवक

**रायपुर।** खम्हारडीह पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 280 नग प्रतिबंधित नींद की गोली जब्त की है। साथ ही युवक के कब्जे से बिक्री की रकम दो सौ रुपए जब्त किए हैं। पुलिस ने भूषण साहू को नींद की गोली बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सेंट जेवियर स्कूल के पास छापा मारकर भूषण को नींद की गोली बेचते गिरफ्तार किया है।

### गोठान में सौर ऊर्जा से संचालित मोटर पंप चोरी

**रायपुर।** अभनपुर थाने में एक सरपंच प्रतिनिधि ने अज्ञात चोर के खिलाफ गोठान में लगे सौर ऊर्जा के 18 हजार रुपए के मोटर पंप चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अक्षय कुमार साहू ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर धनौद गोठान, जो चारों तरफ तार से घिरा है, अंदर प्रवेश कर वर्ष 2019 में सौर ऊर्जा से संचालित मोटर पंप चोरी कर ले गया।

### जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस प्रवक्ता बनाने नेशनल टैलेंट हंट

**रायपुर।** कांग्रेस पार्टी पूरे देश में नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम आयोजित कर रही है। टैलेंट हंट के द्वारा प्रतिभाओं का चयन कर पार्टी जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता बनने का अवसर दिया जायेगा। कांग्रेस पूरे देश में कांग्रेस पार्टी नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसके माध्यम से पार्टी देश के युवाओं को जो कांग्रेस की रीति नीति विचारधारा में भरोसा रखते हैं उनको मंच प्रदान करेगी। उनमें क्षमता होगी तो जिले से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता बनने का मौका मिलेगा। छत्तीसगढ़ में भी हम प्रतिभाशाली युवाओं से आवेदन करने के लिए आमंत्रित करते हैं, 21 नवंबर तक ऑन लाइन आवेदन कर के कोई भी युवा इस अवसर का लाभ ले सकता है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत

**मगरलोड।** नयापारा से मगरलोड जाने वाले सड़क मार्ग में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बाइक चालक मगरलोड निवासी गीतराम साहू की ट्रेक्टर के पहिये में आने से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 7 नवम्बर शुक्रवार की रात्रि करीब 7 बजे नयापारा की ओर से रेत से भरे ट्रेक्टर ग्राम भेंडरी की ओर जा रहे थे। उधर से बाइक चालक गीतराम मगरलोड की ओर आ रहे थे। ट्रेक्टर चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

# दूसरे दिन भी प्रभावित रहा दिल्ली फ्लाइट का सफर, ज्यादातर लेट आई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दिल्ली एयरपोर्ट के एटीसी सिस्टम में आई खराबी का असर दूसरे दिन भी आवाजाही करने वाले विमानों पर नजर आया। संचालित होने वाली इंडिगो की सभी फ्लाइट आधे से डेढ़ घंटे विलंब से संचालित हुई। उधर एटीसी का बिगड़ा सिस्टम ठीक होने के बाद रविवार को विमानों की आवाजाही सामान्य होने की उम्मीद है।

दिल्ली एयरपोर्ट का एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम की सेवा तकनीकी कारणों से बाधित हो गई थी। इसकी वजह से रायपुर समेत देश और विदेश की उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ था। दूसरे दिन शनिवार को भी विमानों की आवाजाही पर इसका असर नजर आया। दिल्ली से आने वाली ज्यादातर फ्लाइट लेट से रायपुर पहुंची तो उसकी वापसी भी देर से हुई। जानकारी के मुताबिक दिल्ली की सुबह 8.45 बजे आने वाली फ्लाइट अपने निर्धारित समय से आधे घंटे, दोपहर 12.15 बजे संचालित होने वाला विमान 30 मिनट लेट से आया। दोपहर 2.20 बजे आने वाली फ्लाइट 3 बजे यानी अपने निर्धारित समय से 40 मिनट, दोपहर 1.45 वाली सवा 3 बजे, शाम साढ़े 5 बजे की फ्लाइट सवा 6 बजे, रात 8 बजे की फ्लाइट पौने 9 बजे और रात 9.20 की फ्लाइट रात्रि पौने 11 बजे रायपुर विमानतल पहुंची। सूत्रों के मुताबिक एटीसी सिस्टम में आई तकनीकी खराबी में सुधार होने के बाद रविवार से विमानों का संचालन सामान्य तरीके से होने की उम्मीद है।

### बिगड़ा सिस्टम सुधरा, आज से सामान्य होगी उड़ान



#### गोवा की फ्लाइट साढ़े 4 घंटे लेट

शनिवार को गोवा से आने वाली फ्लाइट अपने निर्धारित समय से साढ़े 4 घंटे विलंब से रायपुर पहुंची। इसके अलावा अहमदाबाद-रायपुर की उड़ान सवा घंटे विलंब, इंदौर वाली फ्लाइट आधा घंटा, पुणे-रायपुर 1 घंटे, मुंबई-रायपुर फ्लाइट सवा घंटे विलंब से पहुंची। इन उड़ानों के विलंब से संचालित होने की कोई विशेष वजह स्पष्ट नहीं की गई है।

### रीडेवलपमेंट प्लान के लिए निगम ने किया था ऑनलाइन टेंडर

# पांच दशक पुराने नवीन बाजार को संवारने तीन एजेंसियां तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के फूल चौक स्थित पांच दशक पुराने नवीन बाजार को तोड़कर 6 मंजिला व्यावसायिक परिसर बनाया जाएगा। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर योजना शाखा द्वारा इसका रीडेवलपमेंट प्लान तैयार कराया जा रहा है। निगम ने इसके लिए आर्किटेक्ट भी फाइनल कर लिया है। कंसलेंट चयन के लिए ऑनलाइन टेंडर किया गया, जिसमें दिल्ली, भुवनेश्वर और रायपुर की एजेंसी ने दिलचस्पी लेते हुए निविदा में भाग लिया है। सबसे कम दर भरने वाली एजेंसी को नवीन बाजार को संवारने का मौका मिलेगा। वहीं कंसलटेंट द्वारा तैयार किए गए प्रस्ताव को केंद्र सरकार के पास भेजा जाएगा।

- केंद्र को भेजा जाएगा प्रस्ताव
- 6 मंजिला व्यावसायिक परिसर बनेगा, रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर होगा काम

पंडरी मार्केट की तर्ज पर नवीन बाजार की जमीन पर बहुमंजिला व्यावसायिक परिसर बनेगा। 35 करोड़ का यह प्रोजेक्ट रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर तैयार होगा। वर्तमान में 2 एकड़ जमीन में दुकानें बनी हैं, जिसमें नगर निगम को हर साल राजस्व मिलता है, पर बाकी जगह पर कब्जा कर अवैध रूप से मकान व दुकानें बना ली गई हैं। यह जमीन सीमांकन कराने के बाद 4.5 एकड़ निकली है।

दरअसल, नगर निगम के आधिपत्य वाले नवीन बाजार की ढाई एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा है। इसे देखते हुए महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर निगम मुख्यालय और जोन 4 की टीम द्वारा गत दिनों संयुक्त रूप से सर्वे कराया गया। तहसील से सीमांकन रिपोर्ट मिलने के बाद योजना शाखा के माध्यम से डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराई गई। नए प्लान के दायरे में सभी पुराने निर्माण को तोड़कर अपने आधिपत्य की पूरी जमीन नगर निगम कब्जे में लेगा। नया मार्केट निर्माण होने पर मार्केट का दायरा दोगुना हो जाएगा।



#### पुराने बाजार का होगा कायाकल्प, राजस्व बढ़ेगा

35 करोड़ के इस प्रोजेक्ट की ड्राइंग-डिजाइन तैयार कराने नगर निगम ने आर्किटेक्ट फाइनल कर लिया है। पुराने नवीन बाजार को आधुनिक व्यावसायिक परिसर का स्वरूप दिया जाएगा। हर सेक्टर के लिए एक बड़ा बाजार उपलब्ध कराने की योजना है। नवीन बाजार में सालों से व्यवसाय कर रहे पुराने व्यवसायिओं को व्यवस्थापन के तहत नियम अनुसार दुकानें आवंटित की जाएंगी। वहीं बची हुई दुकानों को नगर निगम सेलआउट करेगा। नए परिसर बनने से नगर निगम के राजस्व में अतिरिक्त वृद्धि होगी।

#### पार्किंग के लिए मिलेगी पर्याप्त जगह, सड़क चौड़ी होगी

नवीन बाजार में सबसे बड़ी समस्या पार्किंग और सार्वजनिक प्रसाधन को लेकर है। प्लान के मुताबिक आधुनिक परियोजना के तहत नए परिसर का निर्माण करते समय दुकानों के हिसाब से वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त स्पेस रखा जाएगा। वहीं अवैध कब्जा हटाने के बाद यह सड़क पहले से और चौड़ी नजर आएगी। इससे फायदा ये होगा कि एमजी रोड, शारदा चौक, बंजारी मार्केट की तरफ योजना के मुताबिक नवीन मार्केट के पुनर्विकास से यह क्षेत्र व्यावसायिक परिसर के रूप में नजर आएगा।

#### नए स्वरूप में होगा नवीन बाजार

नवीन बाजार को नया स्वरूप देने रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर काम कराया जाएगा। इसके लिए रीडेवलपमेंट प्लान बनाया गया है। योजना शाखा ने कंसलटेंट चुनने ऑनलाइन टेंडर कर दिया है।

*- **मीनल चौबे,** महापौर, नगर निगम रायपुर*

# साइबर ठगी के तीन अलग-अलग मामलों में चार जालसाज गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब देने का झांसा देकर लोगों के साथ 98 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शिल्ड के तहत चार जालसाजों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश तथा आंध्रप्रदेश के जालसाज शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के जिन दो जालसाजों को रेंज साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वो दोनो बलरमापुर के रहने वाले हैं।

- पार्ट टाइम जॉब, शेयर ट्रेडिंग में लाभ का झांसा देकर जालसाजों ने की थी 98 लाख की ठगी



रेंज साइबर पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से महत्वपूर्ण दस्तावेज, बैंक विवरण और तकनीकी साक्ष्य जब्त किया है। तकनीकी विश्लेषण और बैंक ट्रांजेक्शन की ट्रैकिंग के आधार पर टीमों ने तीन अलग-अलग मामलों में मुख्य आरोपियों की पहचान कर पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

**केस 1**

#### शेयर ट्रेडिंग में 20 लाख की ठगी, ग्वालियर से गिरफ्तार

खम्हारडीह थाना में पृथ्वीराज सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसे शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपए की ठगी की गई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर मध्यप्रदेश, ग्वालियर निवासी प्रयल अस्थाना (31) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कई बैंक खाते और दस्तावेज जब्त किए हैं।

**केस 2**

#### आनलाइन पार्ट टाइम जाब के नाम पर 7.4 लाख की ठगी

दूसरा मामला थाना मुजगहन का है। यहां प्रार्थी युवराज पिस्दा ने बताया कि उससे आनलाइन पार्ट टाइम जाब के बहाने 7.4 लाख रुपए की ठगी की गई। तकनीकी जांच में सामने आया कि जालसाजों ने मुंबई के बैंक में खाता खुलवाकर फर्जी लेनदेन किया। पुलिस ने इस मामले में बलरामपुर, वाड्रफनगर निवासी नेहरू लाल (23), मयंक कुमार पटेल (33) को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी मुंबई ठग गिरोह के हिस्सा थे और विभिन्न आनलाइन जॉब पोर्टलों के माध्यम से लोगों को झांसा देते थे।

**केस 3**

#### शेयर ट्रेडिंग में 71 लाख रुपए की ठगी आंध्रप्रदेश से गिरफ्तारी

तीसरा मामला थाना सरस्वती नगर का है, जहां प्रार्थी डाकेस्वर सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्हें शेयर ट्रेडिंग में अधिक लाभ का झांसा देकर 71 लाख रुपए की ठगी की गई। तकनीकी जांच में पता चला कि आंध्रप्रदेश, विशाखापट्टनम निवासी जयराम वाजेंदला (52) ने करंट अकाउंट खोलकर अन्य साथियों के साथ ठगी की रकम ट्रांसफर की थी।

### जगदगुरु नरेंद्राचार्य के सत्संग कार्यक्रम में 240 ने की धर्म वापसी

# बीमारियों से परेशान होकर बने ईसाई ठीक नहीं होने पर हिंदू धर्म में वापसी





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के दही हांडी मैदान गुढ़ियारी में शनिवार को जगदगुरु महाराज नरेंद्राचार्य के प्रवर्चन कार्यक्रम में 240 लोगों ने अपने मूल हिंदू धर्म में वापसी की। इन सभी लोगों ने हिंदू धर्म को त्यागकर ईसाई धर्म अपना लिया था। इन सभी लोगों ने जगदगुरु महाराज नरेंद्राचार्य के समक्ष इच्छा जाहिर की थी, वे सभी अपने मूल सनातन धर्म में लौटना चाहते थे। सभी की इच्छानुसार जगदगुरु महाराज ने पूजा-पाठ, हवन तथा मंत्रोच्चार कर उनका शुद्धिकरण कर हिंदू धर्म में वापसी कराई। हरिभूमि ने लोगों से बातचीत की। इस बातचीत के दौरान पता चला कि ज्यादातर लोग अपने परिवार के किसी न किसी सदस्य की गंभीर एवं असाधारण बीमारी ठीक नहीं होने से परेशान होकर ईसाई धर्म अपनाया था, लेकिन धर्मांतरण के बाद भी जब बीमारी ठीक नहीं हुई, तो उन्हें धर्म त्यागने की गलती का एहसास हुआ और वे सभी अपना मूल धर्म अपना रहे हैं।

हरिभूमि लाइव

**केस- 1**

#### दादा-दादी ने 12 वर्ष पहले अपनाया था ईसाई धर्म

सत्संग एवं शुद्धिकरण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से लगे सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के ग्राम घोनाडीह में रहने वाले कई धर्मांतरित परिवार भी पहुंचे थे। इनमें एक परिवार की दो बहनें भी पहुंची थीं, जिनमें एक स्तुती गावतुरे कक्षा 12वीं की छात्रा है, वहीं उसकी छोटी बहन आराधना कक्षा 9वीं की छात्रा है। स्तुती ने बताया कि उसके पैदा होने से पहले उसके दादा-दादी ने क्रिश्चियन धर्म अपनाया था, जिसके कारण उनके माता-पिता को भी यह धर्म अपनाना पड़ा था। यही वजह है कि उन्हें भी मजबूरी में क्रिश्चियन धर्म को मानना पड़ रहा था, लेकिन लगभग चार साल पहले उनके दादा-दादी को सनातन धर्म को त्याग करने की ⏭ शेष पेज 13 पर

**केस- 2**

ग्राम केसाल राजनांदगांव निवासी गोविंद मरकाम खेती-किसानी करता है। उसने बताया कि उसकी पत्नी फुनेश्वरी और 3 बच्चे हैं। उसकी पत्नी की तबीयत हमेशा खराब रहती थी, जिससे परेशान होकर परिवार सहित क्रिश्चियन धर्म अपना लिया था। धर्म परिवर्तन करने के सालभर बाद भी जब उसकी पत्नी की तबीयत में सुधार नहीं आया, तो उसने हिंदू धर्म में लौटने का मन बनाया। दंपति ने वापस सनातन धर्म अपनाया है।

**केस- 3**

ग्राम घोनाडीह जिला गोंदिया निवासी विनायक रामजी भोगरे एवं उसकी पत्नी सुनीता ने भी शुद्धिकरण कराकर सनातन धर्म में वापसी की है। इस दंपति ने बताया कि उसके 12 वर्ष के एक बच्चे को हृदय रोग था, जिससे वे परेशान थे। इस बच्चे की जान बच जाए इस खातिर उन्होंने क्रिश्चियन धर्म अपनाया था, लेकिन उसके बच्चे की जान बच नहीं पाई, बल्कि उसके 22 वर्षीय बड़े लड़के की भी मौत हो गई। इस घटना ने उन्हें एहसास कराया कि सनातन धर्म का त्याग नहीं करना था। यही कारण है कि दोनों ने मूल धर्म में वापसी की है।

**केस- 4**

ग्राम अकोला पेंढूरी मोहला-मानपुर निवासी ठाकुरराम पिद्दा एवं उसकी पत्नी ने भी हिंदू धर्म में वापसी की। ठाकुरराम ने बताया कि वह खेती-किसानी करता है तथा उसके 3 बच्चे हैं। उसकी पत्नी की तबीयत खराब होने से परेशान होकर उसने क्रिश्चियन धर्म अपना लिया था, लेकिन धर्म त्यागने से उसका परिवार खुश नहीं था।

**केस- 5**

ग्राम भखारा धमतरी निवासी चुम्मन साहू ने अपनी पत्नी वंदना एवं 8 वर्ष की छोटी बेटी के साथ सनातन धर्म में वापसी की। चुम्मन ने बताया कि करीब 5 वर्ष पहले उसकी अचानक तबीयत खराब हो गई थी। कई अस्पताल बदलने के बाद भी उसकी बीमारी ठीक नहीं हो पाई। इससे परेशान होकर उसने धर्म परिवर्तन किया था, लेकिन उसकी बीमारी जस की तस है, इसलिए अब उसने पुनः अपने मूल सनातन धर्म को अपनाया है।

# राज्योत्सव में जाने के विवाद पर दामाद ने सास का किया मर्डर

**रायपुर।** माना थाना क्षेत्र के बरौद, फोकटपारा में राज्योत्सव में शामिल होने जाने के विवाद पर एक व्यक्ति ने अपनी सास के चेहरे पर मुक्का मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सास पर हमला करने के बाद युवक फरार है। आरोपी को गिरफ्तार करने पुलिस उसके छिपने के संबंधित ठिकानों पर छापे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार विरेंद्र कुमार कुर्रे ने अपनी सास राजबाई बांधे (65) की हत्या की है। घटना दिनांक को विरेंद्र अपने ससुराल पहुंचा था। विरेंद्र की पत्नी राज्योत्सव में जाने की जिद कर रही थी। इस बात को लेकर विरेंद्र अपनी ससुराल के लोगों के साथ विवाद करने लगा और किसी को राज्योत्सव में नहीं जाने की हिदायत दी। इस बात को लेकर विरेंद्र का अपने ससुराल वालों के साथ विवाद हुआ। विवाद के दौरान विरेंद्र अपनी पत्नी के बाल खींचकर मारने लगा। बीच बचाव करने राजाबाई आई, तो विरेंद्र ने उसका सिर पकड़कर चेहरे पर पांच-छह मुक्के जड़ दिए। मुक्का मारने से राजबाई बेहोश होकर गिर गई, चेहरा लहू लुहान हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई।





### राशन दुकानों में अब तक नहीं पहुंचा अनाज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा है कि प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुकी है। महीने की 8 दिन बीत जाने के बाद भी अधिकांश राशन दुकानों में पूर्ण मात्रा में अनाज नहीं पहुंच पाया है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि दुकानों में अभी तक राशन नहीं पहुंचने के कारण बहुत-सी दुकानें बंद हैं। उपभोक्ता इधर-उधर चक्कर काट रहे हैं, कई बार उपभोक्ताओं और दुकानदारों के बीच विवाद की स्थिति बन रही है। श्री अग्रवाल ने मांग की है कि प्रदेश की सभी राशन दुकानों में तत्काल अनाज की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और कांग्रेस सरकार के समय की तरह नियमित एवं समयपूर्व वितरण प्रणाली लागू की जाए, ताकि आमजनों को राहत मिल सके।

# शादी के बिन बुलाए मेहमान बने राजगढ़ के चोर, नोटों से भरा बैग पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शादी सीजन शुरू होने के साथ ही मध्यप्रदेश, राजगढ़ के चोर गिरोह ने अपनी आमद दर्ज करा दी है। चोर गिरोह के शातिरों ने गुढ़ियारी स्थित एक मैरिज कार्यक्रम में कैश एक लाख, महंगे मोबाइल तथा उपहार में मिले गिफ्ट कैश से भरे पर्स चोरी कर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अपराध दर्ज कर घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है।

नितेश राजपूत ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। नितेश ने पुलिस को बताया है कि छह नवंबर को वह परिवार के साथ साले पुष्पेंद्र गंजीर की शादी में शामिल होने के लिए गया था। शादी समारोह ओशो मैरिज गार्डन में आयोजित था। घटना दिनांक को शाम के समय आशीर्वाद समारोह में नितेश ने कैटरिंग तथा टेंट कर्मचारियों को देने के लिए एक लाख रुपए अपनी पत्नी नेहा को दिए थे। जिस पर्स में नेहा लोगों से मिले उपहार की राशि रख रही थी, उसी पर्स में उसने अपने पति द्वारा दिए गए कैश भी रख दिए।

### गुढ़ियारी थाना में सीजन में चोरी का पहला मामला दर्ज

#### व्यस्तता का फायदा उठाकर पर्स चोरी कर ले गया चोर

नोटों से भरे पर्स में नेहा ने अपना मोबाइल रखकर एक कुर्सी पर रख दिया और किसी काम से उठकर गई। वापस आने पर उसने देखा, कुर्सी से पर्स गायब है। इसके बाद उसने इसकी जानकारी अपने पति को दी। नितेश तथा अन्य परिजन ने आसपास उपस्थित लोगों से पर्स के संबंध में पूछताछ की, लेकिन पर्स का पता नहीं चला। रात 10 से 11 बजे के बीच पर्स चोरी होने की घटना हुई है।



फाइल फोटो

#### ठाठ ऐसा कि कोई पहचान न पाए

चोरी करने वाले जहां चोरी करने जाते हैं, वहां सूट-बूट पहनकर पहुंचते हैं। गिरोह में महिलाओं के साथ बच्चे भी शामिल रहते हैं। जो चोरी करता है, वह बैग अपने साथी को थमा देता है। इसके बाद चोर समारोह स्थल के बाहर अपने साथी को चोरी का माल थमा देता है। वह आदमी माल लेकर तत्काल राजगढ़ के लिए रवाना हो जाता है। यही कारण है कि पकड़े जाने के बाद भी गिरोह के लोगों से चोरी का माल बरामद नहीं होता।

#### सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की जा रही

शादी समारोह में चोरी करने वाले गैंग को लेकर सभी थानों को अलर्ट किया गया है। गुढ़ियारी में चोरी की घटना की पड़ताल के लिए घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की जा रही है।

- **संजय सिंह,** डीएसपी क्राइम

# ऑनलाइन-ऑफलाइन में एक ही उत्पाद में अलग-अलग एमआरपी का बड़ा खेल, ठगे जा रहे ग्राहक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक ही कंपनी के एक ही उत्पाद पर ऑनलाइन और ऑफलाइन में अलग-अलग एमआरपी का बड़ा खेल चल रहा है। इसके कारण जहां एक तरफ ग्राहक ठगे जा रहे हैं, वहीं ऑनलाइन कारोबार के कारण ऑफलाइन कारोबार करने वाले छोटे और बड़े कारोबारियों का कारोबार भी समाप्त होता जा रहा है। एक छोटा का उदाहरण है कि नारियल तेल के एक ही कंपनी के आधा लीटर के पैक पर ऑनलाइन में जहां 331 रुपए की एमआरपी है, वहीं ऑफलाइन में 267 रुपए एमआरपी है। इसी तरह अनेकों उत्पाद हैं, जिस पर एमआरपी का खेल चल रहा है। कारोबारियों के मुताबिक ऑनलाइन में कुछ आइटम में जरूर बाजार के बराबर एमआरपी रहती है और यह ऑनलाइन में सस्ता भी मिल जाता है, लेकिन बाकी के उत्पाद के रेट का कोई ठिकाना नहीं रहता। कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी का कहना है कि केंद्र सरकार को यह देखना चाहिए कि ऑनलाइन कारोबार करने वाली कंपनियों और ऑफलाइन कारोबार करने वाले कारोबारियों को मिलने वाले उत्पादों पर एक ही एमआरपी हो। कारोबारी यह भी कहते हैं कि रेट कंट्रोल का एक सिस्टम भी अपने देश में जरूरी है, ताकि किसी भी उत्पाद पर अलग-अलग एमआरपी न हो और एमआरपी भी नियम से हो। अभी एमआरपी का कोई नियम नहीं है।

आज हर तरह के उत्पाद ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन भी मिल रहे हैं। ऑनलाइन खरीदारी करने वालों की संख्या में लगातार जहां इजाफा हो रहा है, वहीं ऑफलाइन खरीदारी कम हो रही है। ऑफलाइन खरीदारी कम होने से कारोबारी परेशानी में तो हैं, लेकिन इनकी परेशानी का एक बड़ा कारण यह भी है कि ऑनलाइन और ऑफलाइन एक ही उत्पादक में जिस तरह से ऑनलाइन सामान बेचने वाले शापिंग मॉल और मार्ट उत्पादक कंपनियों के साथ मिलकर जो एमआरपी में खेल कर रहे हैं, उसके ग्राहक भ्रमित भी हो रहे हैं और ठगे भी जा रहे हैं।

## रेट कंट्रोल सिस्टम न होने का बड़ा फायदा उठा रही हैं उत्पादन करने वाली कंपनियां

### एक ही उत्पाद में अलग-अलग रेट

एक ही उत्पाद में अलग-अलग रेट का खेल चल रहा है। ऑनलाइन एक शापिंग मॉल की साइट पर आधा लीटर नारियल तेल में 331 एमआरपी दर्ज है और इसको डिस्काउंट के साथ 291 में देने का ऑफर है। ठीक इसी कंपनी का यही आधा लीटर का नारियल तेल एक किराना दुकान में 267 रुपए की एमआरपी वाला है। इसको किराना दुकान में एमआरपी से 10 रुपए कम में 257 रुपए में दिया जा रहा है। इसी तरह से कई बार शापिंग मॉल या फिर ऑनलाइन कारोबार करने वाले वजन में खेल करते हैं। उसका एक उदाहरण है। एक ही कंपनी के 600 मिली के नारियल तेल के पैक में एमआरपी 384 रुपए है और इसको डिस्काउंट करके 339 रुपए में बेचा जा रहा है। अब आते हैं ऑफलाइन में, एक किराना दुकान में आधा लीटर के नारियल तेल के उसी कंपनी के पैक पर एमआरपी है 300 रुपए। इस एमआरपी के हिसाब से 600 मिली की एमआरपी होनी चाहिए 360 रुपए लेकिन ऑनलाइन में एमआरपी 384 रुपए है। इससे साफ मालूम होता है कि किस तरह से एक ही कंपनी अपने उत्पादों पर ऑनलाइन के लिए अलग और ऑफलाइन के लिए अलग-अलग एमआरपी लिख रही हैं।






### एमआरपी कंट्रोल सिस्टम हो

कारोबारियों का कहना है कि केंद्र सरकार को एक एमआरपी कंट्रोल सिस्टम बनाना चाहिए। आज किसी भी उत्पाद में एमआरपी का सिस्टम न होने के कारण एक ही उत्पाद पर अलग-अलग कंपनी अपने हिसाब से एमआरपी लिखती है।

### क्रीम के दाम में अंतर कम छूट का दावा ज्यादा

इसी तरह से एक कंपनी की एक 300 मिली मास्ट्राइन क्रीम 330 रुपए में मिल रही है। इसकी एमआरपी 660 रुपए है इसमें 50 फीसदी छूट है दावा है, जबकि ठीक यही क्रीम एक दूसरी ऑनलाइन कंपनी में 250 रुपए दाम के साथ 15 फीसदी ही छूट का दावा कर रही है। ऐसा खेल भी चल रहा है।

**सरकार देखे, एमआरपी में अंतर न हो**

यह बात सच है कि एक ही कंपनी के उत्पादों पर अलग-अलग एमआरपी की बात हमेशा सामने आती है। केंद्र सरकार को यह देखना चाहिए कि कोई भी कंपनी ऑनलाइन और ऑफलाइन के लिए अलग-अलग एमआरपी एक ही उत्पाद पर न लिखे। - **अमर पारवानी**, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, कैट

## खबर संक्षेप

### सर्द हवाओं से गिरा तापमान

**धमतरी।** उत्तर दिशा से सर्द हवाओं के आगमन के साथ जिले में तापमान का पारा गिरने लगा है। उत्तर छत्तीसगढ़ के एक-दो पैकेट में शीतलहर चलने की संभावना है, वहीं मध्य छत्तीसगढ़ के तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। दक्षिण छत्तीसगढ़ में 1 से 2 डिग्री तापमान गिरने की संभावना है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। अगले 48 घंटे में दक्षिण छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री की गिरावट आ सकती है। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान 28 से 15 डिग्री के आसपास बने रहने की संभावना है। रविवार को सबसे कम न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस अम्बिकापुर में दर्ज किया गया है।

### बटंचीबाज युवक गिरफ्तार

**धमतरी।** पुलिस ने एक युवक को धारदार बटंची चाकू के साथ गिरफ्तार किया। युवक विंध्यवासिनी मंदिर के पास चाकू लहराकर लोगों को डरा रहा था। एसपी धमतरी के निर्देश पर धमतरी पुलिस असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरंतर अभियान चला रही है। रविवार को भी पुलिस टीम पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान इतवारी बाजार के पास मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक बिलाईमाता मंदिर के समीप धारदार चाकू लहराते हुए राहगीरों को डरा धमका रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने रामबाग के पास दो स्वतंत्र गवाहों को साथ लेकर बताए गए स्थान पर घेराबंदी की। आरोपी प्रफुल्ल कुमार गजबिये हाथ में स्प्रिंगनुमा धारदार बंटची चाकू लिए हुए मिला। आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### 395 पशुओं का टीकाकरण, 75 गौ पालकों को निःशुल्क दवा दी गई

**कोर्रा(भखारा)।** राष्ट्रीय सेवा योजना पचपेड़ी द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के माध्यम से ग्राम सिलघट में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सिलघट के गौसेवक एवं कृषकों को पशुधन उपचार एवं निशुल्क दवाई का वितरण किया गया। ग्राम के पशुधन का टीकाकरण किया गया एवं पशुधन विकास पर जानकारी प्रदान की गई। शिविर के माध्यम 395 पशुओं का टीकाकरण किया गया । 38 पशुओं का उपचार, 75 गौपालकों को निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। दो पशुधन का गर्भ परीक्षण एवं एक पशुधन का बांझपन उपचार किया गया। पशु चिकित्सा शिविर में डॉ पीयूष दुबे सर्जन , डॉ. एसआर साहू, डॉ.जितेंद्र साहू, डॉ. सतीश यादव, डॉ. चंद्रशेखर निर्मलकर, डॉ.जगन्नाथ यादव, डॉ. अंजना साहू, कुंती कश्यप, डिकेश्वरी ध्रुव, शिवकुमार यादव, हीरासिंह ध्रुव, प्रीति ध्रुव ने सेवाएं दी।

**लपरवाही : हो सकती है बड़ी दुर्घटना, यातायात नियमों का हो रहा उल्लंघन**

# मालवाहक में बैठकर कंपनी तक पहुंच रहे मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया

क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और परिवहन नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए मजदूरों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। ग्राम कुसमी के पास 40 से 50 मजदूरों को पिकअप वाहन में ठूस-ठूस कर निजी कंपनी तक ले जाया जा रहा है। मजदूरों की मजबूरी और रोजगार की तलाश के आगे यह खतरनाक सफर उनके रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बना है।

बताया जा रहा है कि ऐसे कई पिकअप पलारी क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों से मजदूरों को लेकर कंपनी परिसर तक पहुंचते हैं। वाहन में न तो पर्याप्त बैठने की व्यवस्था होती है और न ही सुरक्षा के कोई उपाय। कई बार तो मजदूर पिकअप के पीछे लटकते हुए भी देखे जाते हैं। यह स्थिति आरटीओ और पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है।



सड़क सुरक्षा अधिनियम के तहत मालवाहक वाहनों में मानव परिवहन प्रतिबंधित है, फिर भी खुलेआम यह नियम तोड़ा जा रहा है। मजदूरों ने बताया कि कंपनी तक पहुंचने के लिए उनके पास दूसरा कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि ठेकेदार उन्हें सामूहिक रूप से एक ही वाहन में भेजते हैं।

कई मजदूरों ने यह भी कहा कि वे डर के बावजूद मजबूरी में इस जोखिम को उठाने विवश हैं।सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस मामले में प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र ही सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो कोई बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

# श्रद्धालुओं ने लिया श्रीराम के आदर्शों को अपनाने का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

ग्राम कलमी में नवधा रामायण महोत्सव के तृतीय दिवस भक्ति, श्रद्धा और आस्था के वातावरण बना रहा। पूरे दिन गांव का वातावरण श्रीराम नाम के जयघोष से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन आदर्शों और उनकी लीलाओं से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान सुंदरकांड एवं अन्य प्रसंगों का मनोहारी पाठ और भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। धार्मिक वातावरण में सभी भक्तजन भाव-विभोर होकर प्रभु श्रीराम के चरणों में आराधना करते नजर आए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ रमेश तिवारी, दीपक साहू, चिंता साहू, बरत राम साहू, भरत जाटवर, रामरतन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित थे।

# धरने के बाद शुरू हुआ ब्रेकर का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर के मुख्य मार्ग तिरंगा चौक में आये दिन तेज रफ्तार वाहनों के चलते हादसों से परेशान भरत देवांगन हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ युवाओं ने चौक के चारों तरफ ब्रेकर निर्माण को लेकर चौक में ही धरना-प्रदर्शन किया। मामले को संज्ञान में लेते हुए जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल धरना स्थल पहुंचे और प्रदर्शन करने बैठे लोगों को जल्द ब्रेकर बनाने का आश्वासन दिया। रविवार को लोक निर्माण विभाग द्वारा तिरंगा चौक पर ब्रेकर का निर्माण शुरू कराया गया।

जानकारी के अनुसार खरोरा, तिल्दा, रायपुर खरोरा मार्ग को जोड़ने वाला तिगड्डा चौक भारी ट्रैफिक व तेज रफ्तार वाहनों के आवाजाही से आये दिन हादसों के बढ़ते ग्राफ के चलते लोग परेशान थे। बता दे बीते दिनों एक स्कूली छात्र तिगड्डा चौक में तेज रफ्तार वाहन के चपेट में आने अपनी जान गवा बैठा। इन सब हादसों को लेकर नगर के युवा व भरत देवांगन हाईस्कूल के छात्रों ने बीच चौक में बैठ कर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग करते धरना करने लगे।



# जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा के लिए मिलेगी निःशुल्क कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे हम होंगे कामयाब अभियान अंतर्गत अब जिले के प्रतिभाशाली युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में अभियान के तहत युवा सहभागिता से सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिले के इच्छुक युवाओं को सीजी पीएससी, व्यापम, एसएससी, रेलवे, पुलिस भर्ती तथा अन्य प्रतियोगी परिक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग तथा कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

जिला कौशल एवं विकास प्राधिकरण की सहायक संचालक एवं डिप्टी कलेक्टर श्यामा पटेल ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन 22 नवंबर को शाम 5 बजे तक क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। चयन पश्चात अभ्यर्थियों को अनुभवी विषय विशेषज्ञों द्वारा कोचिंग एवं कैरियर मार्गदर्शन के साथ साथ निःशुल्क अध्ययन सामग्री एवं टेस्ट सीरीज की व्यवस्था भी की जाएगी।

- क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन 22 नवम्बर तक

आवेदक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। न्यूनतम आयु 21 और अधिकतम 35 वर्ष होना चाहिए। अभ्यर्थियों के शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जायेगी।

अभ्यर्थी को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सत्यापन के समय आवेदकों को कक्षा 10वीं, 12वीं एवं स्नातक की अंकसूचियों की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की प्रति और पासपोर्ट साइज के 2 अद्यतन फोटोग्राफ उपलब्ध कराने होंगे।

# पटपरपाली में निकाली गई वंदे भारत बाइक रैली



महासमुंद। भारतीय जनता पार्टी बागबाहरा ग्रामीण मंडल द्वारा रविवार को ग्राम पटपरपाली स्थित सार्वजनिक समुदायिक भवन से वंदे भारत बाइक रैली निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर मौजूद रहे। वंदे मातरम के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित राष्ट्रगीत के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में वंदे भारत बाइक रैली का आयोजन किया गया। भारत माता की जयघोष से वातावरण गूंज उठा और युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दुबेलाल साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल, मंडल अध्यक्ष बागबाहरा ग्रामीण रुपेश साहू, महामंत्री राजेश ठाकुर, सरपंच प्रतिनिधि एवं साख समिति अध्यक्ष कमलेश साहू, विष्णु साहू, हुमन सेन, कामता दल, चिंताराम साहू, कन्हैया नायक, हरीश जगत,मंडल उपाध्यक्ष खिलावन चंद्राकर, टिकेलाल, उत्तम साहू, जनक साहू, मोहित साहू,मीडिया प्रभारी पीतांबर साहू, राकेश चंद्राकर, कोमल साहू, नेतराम साहू, महेश साहू, मुकेश गुप्ता, रेवा चक्रधारी, पंकज साहू, भीमराज तथा भाजपा के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### गौरव दिवस पर घर-घर जलेंगे दीप

**नगरी।** जनजाति गौरव दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा जनजाति मोर्चा द्वारा जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में दुगली में आयोजित कार्यशाला में जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेन्द्र नेताम एवं महामंत्री रामखिलावन कंवर ने बताया कि जनजाति गौरव दिवस इस वर्ष विशेष रूप से प्रत्येक जनजातीय क्षेत्र, हायर सेकेंडरी स्कूल, महाविद्यालय और जनजाति छात्रावासों में मनाया जाएगा।

इस दौरान चौक-चौराहों एवं महापुरुषों की मूर्तियों की स्वच्छता और रंग-रोगन के साथ जनजातीय महापुरुषों के जीवन वृतांत पर व्याख्यान कार्यक्रम होंगे। कार्यशाला में संगठन की राजनीतिक भूमिका, जनजाति समाज की समस्याएं एवं उनके निराकरण के उपायों पर भी चर्चा की गई। मोर्चा के पदाधिकारी सोमवार को धमतरी से मुलाकात कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनजाति गौरव दिवस आयोजन के संबंध में चर्चा करेंगे और जनजातीय क्षेत्रों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी सौंपेंगे।

# ओडिशा सीएम से की महांती समाज ने मुलाकात



**महासमुंद।** स्थानीय सर्किट हाऊस में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी से छत्तीसगढ़ करण महांती समाज का प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर समाज के विभिन्न विषयों से चर्चा की। इस दौरान प्रमुख रूप से अध्यक्ष संजय महांती, तारिणी महिला मंच की अध्यक्ष ससमिता पटनायक, महांती युवा मंच के अध्यक्ष मयंक महांती, प्रभात महांती, आनंद महांती, आशीष महांती, राजेश महांती, रिंकू पटनायक, श्रीकांत महांती आदि मौजूद रहे।

# कथित चंगाई सभा में हुआ हंगामा धर्मांतरण के आरोप पर मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

शहर की एक कॉलोनी में रविवार की सुबह आयोजित कथित चंगाई सभा को लेकर हंगामा खड़ा हो गया। बताया जा रहा है कि एक मकान में बिना अनुमति के धार्मिक सभा आयोजित की जा रही थी, जिसकी सूचना मिलने पर हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। उन्होंने सभा को अवैध बताते हुए नारेबाजी की और प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार यह सभा पिछले कुछ हफ्तों से हर रविवार को आयोजित की जा रही है, जिसमें आसपास के इलाकों से लोग शामिल हो रहे हैं। रविवार की सुबह जैसे ही कार्यक्रम शुरू हुआ, मोहल्ले के कुछ लोगों ने इसकी सूचना हिंदू संगठन को दी। संगठन के सदस्यों का आरोप है कि इस सभा की आड़ में धर्मांतरण जैसी गतिविधियां की जा रही हैं और हिंदू समाज के लोगों को भ्रमित कर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



मंच के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सभा के दौरान मकान के दरवाजे बंद कर जोर-जोर से प्रार्थना की जाती है, जिससे आसपास के निवासियों को परेशानी होती है। उनका कहना था कि देर रात तक चलने वाली इन बैठकों से इलाके में शांति भंग होती है। उन्होंने मांग की कि जिला प्रशासन इस तरह की अवैध धार्मिक सभाओं पर तत्काल रोक लगाएं और जिम्मेदारों पर कार्रवाई करे। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर माहौल शांत करवाया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
07 नवंबर 2025 SHOW TIME
एम.ए. प्रीवियस (सीजी)
शो समय -12:00,3:00 PM
द ताज स्टोरी
शो समय - 6:00 PM, 9:00 PM
एक दीवाने की दिवानियत
शो समय - 6:00 PM
जटाधरा
शो समय - 12:00,03:00, 09:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# युवाओं ने बनाई आकर्षक रंगोली, रंगों के माध्यम से दिया खुशियों का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

इस वर्ष भी रंगोली उत्सव धूमधाम से मनाया गया, जहां सभी ने एक से बढ़कर एक अपनी सृजनशीलता और रंगों के माध्यम से खुशियों का प्रदर्शन किया।

भाटापारा में विगत कई वर्षों से रंगोली का विशेष प्रचलन और प्रचार-प्रसार हुआ है। यहां रंगोली न केवल प्रतिभा का प्रदर्शन है, बल्कि यह दर्शकों के कला प्रेम का भी प्रतीक है। रंगों के माध्यम से प्रति वर्ष एक नया संदेश दिया जाता है।

सभी रंगोलियां भी कुछ न कुछ सार्थक संदेश देती हैं। देश के प्रति और अपने सुंदर शहर के लिए समर्पित व्यक्ति प्रायः डॉक्टर, संत, महात्मा एवं अपने संस्कार हम जिनको मानते हैं और जिनसे समाज को विशेष प्रेरणा रंगोली में उकेरी गई।

अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका नगर का तेजी से विकास और सौंदर्यीकरण कर रही है। साथ ही हस्तकला द्वारा निर्मित सामान की बिक्री को प्रोत्साहन मिले। ताकि प्रकाश पर्व और अधिक रचनात्मक, रुचिकर और आनंदमय बन सके और भाटापारा को प्रेरणादायक त्योहार के रूप में जाना जाए।

## रंगोलियां भी कुछ न कुछ सार्थक संदेश देती हैं




### ये रंगोली भी मूंदड़ा हाउस में बनीं हैं।

आगे आने वाले वर्षों में भी यह आयोजन और अधिक हर्षोल्लास के साथ होगा। महिला और बालिकाओं द्वारा हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं बिक्री का भी आयोजन किया जाएगा, ताकि घरेलू कला को प्रोत्साहन मिले और उनके घर में संपन्नता आए और आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्राप्त हो।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय तीन दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर आज से

**महासमुंद।** जिला स्तरीय तीन दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर जिला महासमुंद के अंबेडकर (मंगल) भवन संजय कानन के पास में 10 नवंबर से 12 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। डॉ मालती तिवारी शिविर संचालक द्वारा उक्त शिविर के लिए बैठक मंगल भवन में आयोजित किया गया। जिसमें शिविर दिनचर्या एवं रूपरेखा पर विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। प्रतिदिन शिविर में उपस्थित होने वाले अतिथियों का चयन किया गया। शिविर स्थल में रहने, स्नान एवं शौच के लिए व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। संदीप दीवान, देवीचंद राठी एवं मनीष शर्मा द्वारा तात्कालिक शिविर स्थल का जेसीबी द्वारा समतलीकरण करवाया गया। बिजली व्यवस्था का भी तात्कालिक सुधार मनीष शर्मा द्वारा करवाया गया। बैठक में डॉ अशोक गिरी गोस्वामी द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में संदीप दीवान सभापति भा.रे क्रॉ. सो एवं अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, देवीचंद राठी उपाध्यक्ष नपा, डॉ स्वेतलाना नागल यूथ रेडक्रॉस प्रभारी माता कर्मा कन्या कालेज, मनीष शर्मा पूर्व पार्षद एवं सदस्य प्रबंध समिति एवं यूथ रेडक्रॉस, डॉ जगदीश सत्यम अभिषेक पांडे, आकाश पांडे आदि उपस्थित रहे।

### वंदे भारत बाइक रैली एवं मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यशाला हुई

**बागबाहरा।** भारतीय जनता पार्टी बागबाहरा ग्रामीण मंडल द्वारा ग्राम पटपरपाली स्थित सार्वजनिक समुदायिक भवन में वंदे भारत बाइक रैली एवं मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू तथा मुख्य वक्ता जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर रहे। मुख्य वक्ता भीखम सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने का अभियान है। हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ना और त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों को सुधारना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

## निधन

### रमेश जायसवाल



**बलौदाबाजार।** छेरकापुर निवासी रमेश जायसवाल पिता स्व. मुरलीधर जायसवाल का 9 नवम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 10 नवम्बर को गृह ग्राम छेरकापुर में सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे पूर्व सरपंच गणेश शंकर जायसवाल एवं ओमप्रकाश जायसवाल के बड़े भाई थे।

## समितियों में सभी कार्य ठप, सामग्री लेने पहुंच रहे लोग मायूस होकर लौट रहे

# सहकारी समितियों के कर्मचारियों ने आंदोलन में रखी अपनी मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा





प्रदेशभर की सहकारी समितियों के लगभग 15 हजार कर्मचारी तथा 2739 उपार्जन केंद्रों में कार्यरत संविदा कंप्यूटर ऑपरेटर अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। राज्य के सभी पांच संभागों में कर्मचारी संभाग स्तरीय धरना देकर शासन का ध्यान अपनी लंबित मांगों की ओर आकर्षित कर रहे हैं।

रायपुर संभाग के आंदोलनकारियों को नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिलने के कारण महासमुंद के लोहिया चौक पर धरना दिया गया। आंदोलन का आज सातवां दिन है, जिसमें महासमुंद, रायपुर, बलौदाबाजार, धमतरी और गरियाबंद जिलों के कर्मचारी व कंप्यूटर ऑपरेटर बड़ी संख्या में शामिल हुए।

धरना स्थल पर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी मांगों को शीघ्र पूरा करने की चेतावनी दी। यह आंदोलन छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ एवं धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर महासंघ के संयुक्त आह्वान पर 3 नवंबर से अनिश्चितकालीन रूप से जारी है। आंदोलनकारियों का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर सरकार ने शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो वे प्रदेशव्यापी धान खरीदी का बहिष्कार करेंगे। वर्तमान आंदोलन के कारण राशन वितरण, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी, माइक्रो एटीएम, बचत बैंक और धान पंजीयन जैसे कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। साथ ही, कंप्यूटर ऑपरेटरों का लगातार स्थानांतरण किए जाने पर भी नाराजगी जताई गई है।

### ये रही प्रमुख 4 सूत्रीय मांग

धान खरीदी वर्ष 2023-24 और 2024-25 में धान खरीदी के बाद संपूर्ण सूखत राशि समितियों को प्रदान की जाए। धान परिवहन में विलंब रोकने हेतु प्रत्येक सप्ताह संपूर्ण धान परिवहन सुनिश्चित किया जाए। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में शार्टेज, प्रोत्साहन, कमीशन व सुरक्षा व्यय बढ़ाया जाए, तथा मध्यप्रदेश की तर्ज पर उचित मूल्य विक्रेताओं को 3000 प्रतिमाह मानदेय प्रदान किया जाए। आउटसोर्सिंग से कंप्यूटर ऑपरेटरों के नियोजन को समाप्त कर, वर्षों से कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों का विभागीय नियमितीकरण किया जाए। इसके साथ ही सहकारी समितियों के कर्मचारियों को वेतन भुगतान हेतु प्रत्येक समिति को 3-3 लाख प्रतिवर्ष प्रबंधकीय अनुदान राशि दिए जाने की भी मांग की गई है।

# मोपकी की टीम ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 के ग्राम पंचायत टेहका में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन शनिवार को हुआ। इसमें 32 टीमों ने अपनी प्रतिभा दिखायी। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक भाटापारा व राजा जायसवाल सभापति जिला पंचायत, पूर्व सरपंच रोहित साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता समाजसेवी एमएल यादव सरपंच प्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्य अतिथियों के कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों ने सभी का स्वागत किया। मुख्य अतिथियों ने फाइनल मैच खेलने उतरी दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय लेते हुए हाथ मिलाकर उत्साहवर्धन किया।

- अंचल की 32 टीमों ने दिखाई प्रतिभाएं

फाइनल मुकाबला मोपकी व मल्दी के बीच खेला गया, जिसमें मोपकी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल कर प्रथम स्थान को प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। राजा जायसवाल ने कहा कि सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेलते हुए अपना बेहतर प्रदर्शन की कोशिश करें। दोनों टीम कठिन मेहनत कर फाइनल खेलने पहुंची हैं, खेल में हार-जीत लगी रहती है। इस तरह का आयोजन हमेशा होते रहना चाहिए।

# अमित बने आदिवासी ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष, प्रह्लाद को महामंत्री की जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक स्थानीय रेस्ट हाउस में हुई, जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उधो राम वर्मा आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दिलदार कुमरो एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा के निर्देशानुसार आदिवासी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा का गठन किया गया, जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार उइके को नियुक्त किया गया।

रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष खरोरा द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा के महामंत्री के रूप में प्रहलाद यादव को नियुक्त करते हुए संगठन में नई जवाबदारी मिलने पर आभार जताया गया।

कार्यक्रम में दोनों पदाधिकारी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उधो राम वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा एवं आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दिलदार कुमरो, घनश्याम वर्मा प्रभारी महामंत्री के साथ ही सुरेंद्र गिलहरे, शशांक चंद्राकर, धनेश वर्मा, मुकेश ठाकुर, श्यामलाल बघेल, मुकेश साहू, हरीश वर्मा, अनिल मार्कोस, प्रहलाद यादव आदि उपस्थित थे।

# शराब के खिलाफ हसुवा में महिला कमांडो दल गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



थाना क्षेत्र के ग्राम हसुवा में नशाखोरी के बढ़ते परेशान महिलाओं ने अब खुद मोर्चा संभाल लिया है। गांव की महिलाओं ने महिला कमांडो दल का गठन किया है, जिसमें 100 से अधिक महिलाएं शामिल हैं। उनका लक्ष्य है पूरे गांव की महिलाओं को इस अभियान से जोड़कर हसुवा को पूरी तरह नशामुक्त बनाना। गांव के बड़े-बुजुर्गों से लेकर युवाओं और पढ़ाई करने वाले बच्चों तक में नशे की लत फैल चुकी है। शाम ढलते ही चौक-चौराहों पर शराबियों की भीड़ लग जाती है। गाली-गलौज और झगड़े आम बात हो गए हैं। इस माहौल में महिलाओं और बच्चों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। महिला कमांडो दल ने संकल्प लिया है कि जब तक सबरिया डेरा में कच्ची शराब की बिक्री बंद नहीं होगी, वे आंदोलन जारी रखेंगे।

- गांव की सभी महिलाओं को दल से जोड़ने में जुटी महिलाएं

**सबरिया डेरा बना नशे का अड्डा:** हसुवा से सटे सबरिया डेरा में खुलेआम महुआ शराब बेची जाती है। हर शाम शराबियों का जमावड़ा लगता है। यहां 200 एमएल की कच्ची शराब मात्र 20 रुपये में मिलती है, जबकि लाइसेंसी दुकान में 180 एमएल गोवा ब्रांड शराब की कीमत 130 रुपये है। यही सस्ती कीमत नशाखोरी बढ़ने की सबसे बड़ी वजह बना है।

बताया गया है कि यहां तैयार की जाने वाली महुआ शराब में रासायनिक पाउडर, बेशरम की जड़ और यूरिया मिलाया जाता है, जिससे नशा तेज होता है, पर यह शरीर के लिए बेहद घातक है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां शराब के नाम पर जहर बेचा जा रहा है। पिछले 10 वर्षों में सबरिया डेरा की इसी कच्ची महुआ शराब के सेवन से हसुवा के लगभग 15 से 20 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। मरने वालों की उम्र 40 से 50 वर्ष के बीच बताई जाती है। यह आंकड़ा गांव में शराब के बढ़ते दुष्प्रभाव और स्वास्थ्य संकट की भयावह तस्वीर पेश करता है।

### कुर्मी समाज का सामूहिक सिरपुर भ्रमण...



भरूवाडीह/सैहा/गुमा। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज के मातृ शक्तियों और बच्चों ने नगर इकाई के अध्यक्ष हेमंत टिकरिहा, गणेश बघमार, नरसिंह वर्मा, और महेश वर्मा के नेतृत्व में सिरपुर भ्रमण किया।

## राशन दुकानों में लटक रहा ताला हितग्राहियों पर उपजा खाद्य संकट

**महासमुंद।** जिले की राशन दुकानों का ताला खुलना मुश्किल हो गया है। सहकारी कर्मचारियों की हड़ताल के कारण ऐसी स्थिति बनी है। 6 दिन से राशन दुकान पहुंचने वाले हितग्राही बैरंग लौट रहे हैं, खाद्यान्न की समस्या उत्पन्न होने लगी है। इससे बीपीएल ही नहीं एपीएल कार्डधारी भी प्रभावित हैं। मिली जानकारी के अनुसार कुल 593 राशन दुकानों 272 राशन दुकानें सहकारी समितियों के भरोसे संचालित हैं।बता दें कि माह नवंबर के लिये सभी राशन दुकानों को मिलाकर कुल 101640.36 क्विंटल चावल बीपीएल हितग्राहियों के लिये तथा 10956.2 वन नेशन वन कार्ड के तहत एपीएल कार्डधारकों को लिये दुकानों में भंडारित किया गया। लेकिन, ऐसे में 362014 कुल राशन काडों में 322842 बीपीएल कार्डधारी हितग्राहियों तथा 39172 एपीएल कार्डधारियों को राशन नहीं मिलने की वजह से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर प्राथमिकता वाले राशन कार्ड तथा निराश्रित जनों के लिये सहकारी समिति कर्मियों की हड़ताल आफत बनकर आई है।

## एक-एक हेलमेट, प्रतीक चिह्न एवं प्रमाणपत्र भेंट किया

# युवाओं ने किया 57 यूनिट रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



समाजसेवी संस्था युवा विचार संस्थान द्वारा शनिवार को खरोरा के विधायक भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी राजीव अग्रवाल, संस्था के अध्यक्ष तोरण ठाकुर, केशला सरपंच मया कुमार वंशे, उगेन्द देवांगन, बल्ला देवांगन, गौरीशंकर देवांगन पार्षद राहूल मरकाम, तामेश्वर मरकाम, देव देवांगन, जानी डहरीया, गणेश देवांगन, शिवम साहू आदी लोगों ने शिविर का उद्घाटन किया गया। इसमें नगर सहित आसपास के युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उक्त रक्तदान शिविर में कुल 57 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को युवा विचार संस्थान की ओर से उनकी सुरक्षा को ध्यान रखते हुए एक-एक हेलमेट, प्रतीक चिह्न एवं प्रमाणपत्र भेंट किया गया। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष तोरण ठाकुर ने रक्तदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान हैं। हमारे रक्तदान करने से किसी की जिंदगी बच सकती हैं इससे बड़ा पुण्य का काम कुछ नहीं हो सकता। उक्त कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, केशला सरपंच मया कुमार वंशे, डॉ. अमीन खान, विजय कन्नौजे, सचिन अग्रवाल, विजय शर्मा, बल्ला देवांगन, पार्षद पुर्णेन्द्र पाध्याय, राहुल मरकाम, तामेश्वर मरकाम, गौरीशंकर देवांगन, कुंदन वर्मा, संजय भट्ट, किशोर नशीने, आकाश मनहरे, निमेश देवांगन, राहुल साहू, देव देवांगन, जानी डहरिया, गणेश देवांगन, भागवत सारथी, विश्वनाथ पटेल, अभिलाष अग्रवाल आदित्य राजपूत, लक्ष्मण यादव, विमल पाल, संजय देवांगन आदि शामिल हुए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
13 नवंबर, 18 दिसंबर, 2025, 02 जनवरी, 06 फरवरी, 28 मार्च, 10 अप्रैल, 08 मई, 15 मई, 22 मई, 05 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी
93406-38884
By Train-रिजर्वेशन कोच
26 दिसंबर 2025 11 दिन की यात्रा
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)